# सूर्या फाउण्डेशन
# आदर्श गाँव योजना

## मासिक पत्रिका
## अक्टूबर – 2024




शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण स्वावलंबन समरसता

# संदेश...

"ग्राम विकास से देश विकास" के मॉडल को सामने रखकर आप सभी एक ऐसा गाँव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहाँ सभी ग्रामीण शिक्षित हों, स्वस्थ हों, निरोगी हों, हर हाथ को काम, हर खेत को पानी हो, आपस में मिलकर रहें, पूरा गाँव स्वच्छ हो, नशामुक्त हो, गाँव के सभी किसान समृद्ध व खुशहाल हों। आप सभी ने ग्राम गौरव मेला के अन्तर्गत ग्रामवासियों के ग्रामीण विकास, शिक्षा, कला, सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं, और सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने के लिए लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाने के कार्य किये हैं। इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएँ।



**पद्मश्री**
**जयप्रकाश अग्रवाल**
**चेयरमैन - सूर्या फाउण्डेशन**

**मेरा गाँव**
**मेरा बड़ा परिवार**

# दीपावली शुभकामनाएँ





सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत दीपावली के शुभ अवसर पर सूर्या संस्कार केन्द्र, सूर्या यूथ क्लब एवं सूर्या सिलाई केन्द्र के 500 शिक्षकों को संस्था की ओर से शुभकामनाएँ दी गई।

# कार्यकर्ता दक्षता वर्ग

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा सूर्या साधना स्थली झिंझोली दिल्ली में प्रत्येक तीन माह में कार्यकर्ता दक्षता वर्ग का आयोजन किया जाता है जिसमें आदर्श गाँव योजना के सभी पूर्ण कालिक कार्यकर्ता हिस्सा लेते हैं। इस वर्ग में पिछले तीन माह में किये गये कार्यों की समीक्षा एवं आने वाले तीन माह में किये जाने वाले कार्यों की प्लानिंग की जाती है। इसीक्रम में 15 से 19 अक्टूबर को झिंझोली में वर्ग लगाया गया। इस वर्ग में विशेष कर कैरियर काउंसलिंग श्रीमती दीप जजमान जी द्वारा एक नया विषय जोड़ा गया और सभी कार्यकर्ताओं को उसकी जानकारी दी गयी। श्रीमान दीनानाथ ठाकुर जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष सहकार भारती) द्वारा बहुत ही प्रभावी तरीके से सत्र लिया गया। वर्ग के अंतिम दिन आ. जे.पी. सर का सभी कार्यकर्ताओं से मिलना हुआ।






# पोषण वाटिका

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा 10 राज्यों के 70 कार्ययुक्त गाँव में 3000 परिवारों में पोषण वाटिका (किचन गार्डन) तैयार किया गया है। लगाये गये पोषण वाटिका में अच्छी सब्जियाँ तैयार हो रही है। अब सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। लोगों को स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ आर्थिक लाभ भी मिल रहा है। परिवार में अब लोग जैविक तरीके से उगायी सब्जियों का उपयोग करते है और अन्य लोगों को भी जागरुक कर रहे हैं।



भुज (गुजरात)



काशी (उ.प्र.)



हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश)

# पशु चिकित्सा शिविर

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत छत्तीसगढ़, राजनांदगाँव के आदर्श गाँव पेण्ड्री में ग्राम गौरव मेला के अवसर पर नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। गाँव के 31 किसानों का 186 गौ माता और बकरी का इलाज किया गया। साथ ही नि:शुल्क दवाईयाँ भी वितरण की गई। चिकित्सों ने गौ पालन के लिए पशु पालकों को सुझाव भी दिये। शिविर मे अतिथि महंत श्री सेवादास जी व सभी डॉ के द्वारा पूजन कर शुभारंभ किया गया।






# कूड़ादान वितरण



सूर्या फाउण्डेशन द्वारा पंजाबी बाग (दिल्ली) में 16 परिवारों को डस्टबिन वितरण किया गया। डस्टबिन वितरण का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने और कचरा प्रबंधन में सहयोग प्रदान करना है।

# ट्राई साईकिल व बैसाखी वितरण

सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत काशी (उत्तर प्रदेश), काशीपुर (उत्तराखण्ड) में गाँव के ऐसे व्यक्ति जो शारीरिक रूप से असहाय थे। ऐसे 07 व्यक्तियों को वैसाखी एवं ट्राई साईकिल वितरण किया गया। गाँव के इन दिव्यांगजनों को अभी तक किसी प्रकार की सरकारी मदद नहीं मिली थी। भविष्य में इन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी प्रयास संस्था करेगी।

## काशी (उत्तर प्रदेश)



## काशीपुर (उत्तराखण्ड)



# स्वयं सहायता समूह : उत्पाद प्रदर्शनी

ग्राम सर्वा, मालनपुर, भिण्ड (म.प्र.) में बीज बितरण कार्यक्रम के अवसर पर महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। भिण्ड जिला कलेक्टर श्रीमान संजीव श्रीवास्तव जी ने महिलाओं द्वारा तैयार उत्पाद निरीक्षण व खरीदारी भी की और महिलाओं के इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सुझाव दिया। भिण्ड जिला कलेक्टर के साथ श्री मुकुल चतुर्वेदी जी (HR महाप्रबंधक, सूर्या रोशनी लिमिटेड, मालनपुर) श्री गौतम जी व श्री संजय वशिष्ठ जी (जैविक कृषि विशेषज्ञ सूर्या फाउण्डेशन)मौजूद रहे साथ ही जिले के सरकारी अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने स्टॉल का विजिट किया एवं खरीदारी की। साथ ही सूर्या रोशनी लिमिटेड प्लांट, मालनपुर में महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का स्टॉल लगाया गया।







सूर्या साधना स्थली झिंझौली में 'गौड़ीय मठ शिविर' में गौ आधारित उत्पादों की स्टॉल लगाया गया। स्टॉल पर आए हुए लोगों ने उत्पादों की अत्यंत प्रशंसा की और उत्पादों की खरीद्दारी भी की। यह देखकर बहुत खुशी हुई कि लोग पारंपरिक और प्राकृतिक उत्पादों को अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं।







# स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ बनी लखपती दीदी

तन्मय ट्रस्ट एवं सूर्या फाउण्डेशन के संयुक्त प्रयासों से गाँव फफूण्डा, मेरठ (उ.प्र.) की तीन महिलाएँ लखपति दीदी बन गई हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मेरठ के फफूण्डा व अतराड़ा गाँव मे अनोखी पहल शुरू की है। इस पहल के तहत महिलाओं के 10 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर विभिन्न उत्पादों के निर्माण के लिए प्रशिक्षण दिया गया। फफूण्डा गाँव के ही कर्नाटक कैडर के सेवानिवृत्त आई.ए.एस.- सचिव भारत सरकार श्री ब्रह्मदत्त शर्मा जी की धर्मपत्नी श्रीमती शैलजा दत्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बने उत्पादों के बारे में समय-समय पर उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण एवं मार्केटिंग पैकेजिंग का प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है। साथ ही महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में ग्रामीण महिलाओं को मदद कर रही है। श्रीमती दत्त द्वारा प्रदान की जा रही सहायता से महिलाएँ न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि वे अपने गाँव के साथ अन्य गाँवों व मेरठ में एक मिसाल बन रही हैं।





# ग्राम गौरव मेला

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श योजना के अन्तर्गत शारदीय नवरात्रि में 10 दिन चलने वाले ग्राम गौरव मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें गाँव के हर वर्ग के लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। ग्रामवासी अपनी सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और विभिन्न गतिविधियों का उत्सव मनाते हैं। इसमें ग्रामीण विकास, शिक्षा, कला, और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है। मेले का उद्देश्य गाँव के लोगों के बीच आपसी सहयोग और एकता को बढ़ावा देना और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करना होता है। ग्राम गौरव मेले में 16 राज्यों के 15000 लोगों ने भाग लिया। मेले में मटका दौड़, रूप सज्जा, सूर्य नमस्कार, चित्रकला, कुर्सी दौड़, रंगोली, कलश यात्रा सहित अन्य प्रतियोगिताएँ कराई गई साथ ही लोगों को सम्मानित भी किया गया।


## मटका दौड़ प्रतियोगिता





## रूप सज्जा प्रतियोगिता





## सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता



# ग्राम गौरव मेला के अन्तर्गत अन्य गतिविधियाँ



कलश यात्रा



चित्रकला प्रतियोगिता





कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता



रंगोली प्रतियोगिता



कन्या पूजन



रूप सज्जा प्रतियोगिता

# बीज वितरण कार्यक्रम

ग्राम सर्वा, भिण्ड (म.प्र.) में भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र (पूसा) एवं सूर्या फाउण्डेशन के द्वारा अनुसूचित जाति के 118 किसानों को नि:शुल्क बीज (प्रत्येक किसान को उन्नत किस्म के 40 किलो गेहूँ व 1 किलो सरसों के बीज) वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि श्री संजीव श्रीवास्तव जी (कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भिंड), श्री मुकुल चतुर्वेदी जी (एच. आर. महाप्रबंधक सूर्या रोशनी लिमिटेड भिण्ड), श्री गौतम नायक जी व श्री संजय वशिष्ठ जी (जैविक कृषि विशेषज्ञ) आदि उपस्थित रहे।






गाँव टुडीला, भिण्ड (म.प्र.) में बीज वितरण कार्यक्रम किया गया, जिसमे 3 गाँव के 112 किसान शामिल हुये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती बाली जी (FPO), श्री संजय वशिष्ट जी (जैविक कृषि विशेषज्ञ), श्री कमलेश जाटव जी (जनपद सदस्य), श्री एदल कंसाना जी (सरपंच) आदि सभी उपस्थित रहे।



# मध्य प्रदेश के भिण्ड जिला कलेक्टर ने मालनपुर में सूर्या फाउण्डेशन के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न आयामों का अवलोकन किया।



मल्टीलेयर जैविक कृषि



सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र



कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर




स्वयं सहायता समूह : स्टॉल विजिट



वृक्षारोपण

# समाचार पत्रों में कार्यक्रम की झलकियाँ...

### सूर्या फाउंडेशन के विभिन्न आयामों का अवलोकन किया

## कलेक्टर ने किसानों को नि:शुल्क बीज वितरण किया

**मालनपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क**



जिले के सर्वा गांव में सूर्या फाउंडेशन द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों के लिए आयोजित गेहूं एवं सरसों के बीज वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें कुल 118 लोगों को नि:शुल्क बीज 40 किलो गेहूं, एवं 1 किलो सरसों प्रत्येक किसान को वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति के किसानों को उन्नत कृषि संसाधन उपलब्ध कराना और उनकी कृषि उपज को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजीव श्रीवास्तव, मुकुल चतुर्वेदी एचआर महाप्रबंधक सूर्या रोशनी लिमिटेड मालनपुर, गौतम नायक, संजय वशिष्ठ मौजूद रहे। गौतम नायक ने सूर्या फाउंडेशन के प्रकल्पों की जानकारी देते हुये बताया की सूर्या फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जो विभिन्न प्रकार के आयामों द्वारा ग्राम विकास के कार्य करती है। जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा, आदर्श गांव योजना द्वारा बच्चों के लिए संस्कार केंद्र, युवाओं के लिए यूथ क्लब, महिलाओं को स्वावलंबी बनाए के लिए सिलाई केंद्र, बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण के लिए कंप्यूटर केंद्र, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से वृक्षारोपण, जल संरक्षण कार्यक्रम, एवं कृषि विकास एवं पशुपालन द्वारा किसानों को उन्नतशील बनाने की दिशा में कार्यरत है। सूर्या ऐसे बीज वितरण कार्यक्रम आगे भी करती रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कलेक्टर महोदय जी ने कहा कि आज किसानों को आधुनिक तकनीक से कृषि करने पर जोर देना एवं इसके लिए किसानों को सरकार एवं अन्य संस्थाओं पर निर्भर ना होकर स्वयं जागरूक होना चाहिए तभी कृषि के क्षेत्र में किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे। मुकुल चतुर्वेदी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर द्वारा मालनपुर क्षेत्र के आस-पास चल रहे सूर्या फाउंडेशन के विभिन्न प्रकल्पों का भी निरीक्षण किया एवं सूर्या कंप्यूटर केंद्र में बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण के महत्व पर चर्चा किये। इसके अलावा, क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ पौधारोपण किया गया और पर्यावरण के किये गए कार्य देखे।

## भिंड कलेक्टर ने अनुसूचित जाति के किसानों को नि:शुल्क बीज वितरण किया एवं सूर्या फाउंडेशन के विभिन्न आयामों का अवलोकन किया







## सूर्या फाउंडेशन ने नि: शुल्क की दिव्यांगों को ट्राई साईकिल और बैसाखी वितरित



**स्वतंत्र चेतना**

**वाराणसी।** सूर्या फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा संचालित आदर्श गांव योजना के अंतर्गत क्षेत्र काशी के गांव काशीपुर में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल और बैसाखी वितरित की गई। जिसकी प्रकार सभी दिव्यांगों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी और कहां की इससे हमारे आवागमन में सहायता मिलेगी।

सभी दिव्यांगों ने संस्था का धन्यवाद किया। मुख्य अतिथि पूनम मौर्या जी जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रमोद, नगर कार्यवाह, गुलाब जी प्रधानाध्यापक, दीपचंद सिंह, रामजतन राय, अवनीश अध्यापक, सतेंद्र अध्यापक, मोहित, छब्बन बिंदलाल, बिंदु देवी आदि उपस्थित रही। पूनम मौर्या जी के द्वारा सभी दिव्यांगों लाभार्थी को दी ट्राई साइकिल १ धर्मराज २ शिवा और चार बैसाखी १ पप्पू २ गोपी ३ किशन और छागुर लाल जी को दिया गया।

क्षेत्र प्रमुख नीतीश कुमार ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत पूरे देश भर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा कार्य किये जा रहे हैं। जिसमें स्वास्थ्य शिविर, नेत्र चिकित्सा शिविर, सरकारी योजना प्रचार प्रसार, हर्बो क्लिनिक, पशु टीकाकरण और रक्तदान शिविर आदि का आयोजन हो रहे हैं।


**SURYA FOUNDATION**

B-3/330, Paschim Vihar, New Delhi-110063

Tel. : +91-25261588, 25253681 | +91-9310214842

Email: contact@suryafoundation.org | www.suryafoundation.org